E-mail- eeupjnetahrural@gmail.com

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कासगंज

कलैक्ट्रेट परिसर, सोरों रोड़ प्रहलादपुर, कासगंज, 207123

पत्रांक 590 / जल अर्पण J.J.M Etah / 03 दिनांक :– 24-03-2026

जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत जनपद एटा के विकास खण्ड निधौली कलॉ की करूआमई ग्रामीण पेयजल योजना की जल अर्पण/जल उत्सव कार्यकम का आयोजन।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या W-11031/14/2025-WQ-DDWS Date 19.11.2025 तथा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 3234/ W-17(Jalarpan)Tech-1/2025-26 दिनांक 07.01.2026 के निर्देशों के क्रम में :–

आज दिनांक 19.03.2026 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत करूआमई पेयजल योजना विकास खण्ड निधौली कलॉ जनपद एटा में जल अर्पण/जल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री वीरेन्द्र सिंह लोधी, माननीय विधायक, का जल सखियों द्वारा तिलक एवं आरती कर स्वागत किया गया मुख्य अतिथि के द्वारा पेयजल योजना का उद्घाटन फीता काट कर किया तथा ग्राम प्रधान को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात अधोहस्ताक्षरी, श्री सचिन मिश्रा, सहायक अभियन्ता, श्री प्रभाकर, जूनियर इंजीनियर, श्री एस0के0 अली मिराज, परियोजना प्रबंधक, मै0 के0पी0आई0एल0 एवं उनकी समस्त तकनीकी टीम, डी0पी0एम0यू0 टीम के श्री दिवाकर सिंह, जिला समन्वयक, श्री सुधाकांत विश्वकर्मा, परियोजना प्रबंधक, श्रीमती शमा ,सी0बी0एन0टी0 तथा ग्राम प्रधान व ग्रामवासी उपस्थित थे। जल वंदना श्रीमती शमा सी0बी0एन0टी0 द्वारा की गई। माननीय विधायक जी एवं मंचासीन सभी अतिथियों द्वारा जल अर्पण किया गया। तत्पश्चात समन्वयक आई0एस0ए0 श्री अजीत सिंह द्वारा जल शपथ दिलाई गई इसके बाद माननीय विधायक जी द्वारा उपस्थित लोगों को संबोधित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक जी द्वारा जल बचत, जल की उपयोगिता इत्यादि की जानकारी दी एवं जल संरक्षण का भी आह्वान किया गया। फीता काट कर एवं बटन दबा कर पम्प का संचालन किया गया एवं माननीय विधायक जी तथा उपस्थित मुख्य अतिथि द्वारा प्रभात फेरी में भी सम्मिलित हुए, उक्त कार्य क्रम में जल रक्षा सूत्र बंधन भी कराया गया। अन्त में कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में तकनीकी एजेंसी मै0 के0पी0आई0एल0, आई0एस0ए0, एस0पी0 ग्राम विकास एवं ग्रामोद्योग संस्थान लखनऊ के कार्मिक ग्राम प्रधान, तथा ग्रामवासी आदि उपस्थिति थे।

जल
ग्राम पंचायत......

2026
श्री योगी आदित्यनाथ
निधौली कलाँ

जल अर्पण
ब्लॉक
एटा

जिसे अबतक ना समझे
वो कहानी हूँ मै,
मुझे बर्बाद मत करो
पानी हूँ में.
जल बचाओं
जल बचाओं
भविष्य बचाओं
प्रभात-फेरी
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
जल अर्पण दिवस - 2026
आई एस ए - स्टूडेंट रिलीफ सोसायटी

जल अर्पण दिवस समारोह
जल बचाओं
भविष्य बचाओं
प्रभात-फेरी
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
जल अर्पण दिवस - 2026
आई एस ए - स्टूडेंट रिलीफ सोसायटी



अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) आगरा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अलीगढ।
5. जिलाधिकारी, एटा।
6. मुख्य विकास अधिकारी, एटा।
7. जिला सूचना अधिकारी, एटा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
8. डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 एटा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि जल अर्पण/जल उत्सव कार्यक्रम का विवरण jjm.up.gov.in पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

(विश्वजीत)
अधिशासी अभियन्ता